विज्ञापन संख्या 04/2023 दिनांक 26.04.2023 अंतर्गत कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम।

लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में निम्नलिखित बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न–पत्र सम्मिलित होंगे।

परीक्षा का पाठ्यक्रम

1. (क) **सामान्य अध्ययन :** इसमें प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी के आस–पास के वातावरण की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के संबंध में उसकी योग्यता की जाँच करना होगा। वर्तमान घटनाओं और दिन–प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी संबंधी ऐसे प्रश्न भी शामिल किये जायेंगे, जिनके बारे में जानकारी रखने की किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। इसमें बिहार, भारत और इसके पड़ोसी देशों के संबंध में विशेष रूप से यथा सम्भव प्रश्न पूछे जा सकते है।

   (i) <u>सम–सामयिक विषय</u> :– वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, भारतीय भाषाएं, पुस्तक, लिपि, राजधानी, मुद्रा, खेल–खिलाड़ी, महत्वपूर्ण घटनाएं।

   (ii) <u>भारत और उसके पड़ोसी देश</u> :– पड़ोसी देशो का इतिहास, भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, स्वतंत्रता आन्दोलन, भारतीय कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं एवं भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था, देश की राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पंचवर्षीय योजना एवं राष्ट्रीय आन्दोलन में बिहार का योगदान।

(ख) **सामान्य विज्ञान एवं गणित :** इसमें सामान्यतः मैट्रिक स्तर के निम्न विषय से यथासंभव प्रश्न पूछे जा सकते है :–

   (i) <u>सामान्य विज्ञान</u> :– भौतिक शास्त्र, रसायन, जीव विज्ञान, भूगोल।

   (ii) <u>गणित</u> :– संख्या पद्धति से संबंधित प्रश्न, पूर्ण संख्याओं का अभिकलन, दशमलव और भिन्न, संख्याओं के बीच परस्पर संबंध, मूलभूत अंक गणितीय संक्रियाएं, प्रतिशत, अनुपात तथा समानुपात, औसत, ब्याज एवं लाभ और हानि।

(ग) **मानसिक क्षमता जाँच :** इसमें शाब्दिक एवं गैर शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते है। इस घटक में निम्न से संबंधित यथासंभव प्रश्न पूछे जा सकते है :– सादृश्य, समानता एवं भिन्नता, स्थान कल्पना, समस्य समाधान, विश्लेषण, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंक गणितीय तर्कशक्ति, अंक गणितीय संख्या श्रृंखला एवं कूट लेखन एवं कूट व्याख्या।

2. **कम्प्यूटर का मूलभूत ज्ञान :** *Computer Fundamentals, Parts of Computer System, Input devices and output devices, Operating System, Microsoft Office, Internet, Important Abbreviations.*

ह0/–
प्रभारी पदाधिकारी (नियुक्ति)